संख्या– 30/2022/89/चार–2022

प्रेषक,

विनय श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभागः लखनऊःदिनांक 08 फरवरी, 2022

विषय–सांस्कृतिक कार्यक्रम डांडिया नृत्य की प्रस्तुति पर व्यय धनराशि की वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–3689/सं0नि0-15(3)/2021-22, दिनांक 10 जनवरी, 2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 14 अक्टूबर, 2021 को सी0एस0आई0 टावर, लखनऊ में कराये गये 'डांडिया' सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु रू0 1,12,808/– (रूपये एक लाख बारह हजार आठ सौ आठ मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त रू0 1,12,808/– (रूपये एक लाख बारह हजार आठ सौ आठ मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निम्न शर्तो के अधीन प्रदान की जाती है:–

(1) समस्त कार्यों का सत्यापन कर भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
(2) उक्त स्वीकृति धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा। धनराशि आहरित करके बैंक/पोस्ट आफिस में जमा नहीं की जायेगी।

3- उक्त धनराशि रू0 1,12,808/– (रूपये एक लाख बारह हजार आठ सौ आठ मात्र) की चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय–व्ययक के अनुदान संख्या–92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक–2205-कला एवं संस्कृति–001-निदेशन एवं प्रशासन–03-संस्कृति निदेशालय–42-अन्य व्यय मद में उपलब्ध धनराशि से वहन किया जायेगा।

भवदीय
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

संख्या– 30/2022/ 89 (1)/चार–2022, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (लेखा) अनुभाग–1/वित्त (ई–7) अनुभाग।
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।